

# सीमेंट की दुकानों से स्टेशनरी खरीदी के लगाए बिल


**पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे हैं धुंधले बिल**

**सिलवानी, 16 पंचायतों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया पंचायत दर्पण पोर्टल अब खुद सवालों के घेरे में है. पोर्टल पर धुंधले और अपठनीय बिल अपलोड कर पंचायत सचिवों द्वारा भुगतान कराए जाने के मामले सामने आ रहे हैं.**

हैरानी की बात यह है कि ऐसे बिलों को मूल्यांकनकर्ता और जिम्मेदार अधिकारी भी स्वीकृति दे रहे हैं, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है. पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे कई बिल इतने धुंधले हैं कि न तो उनमें राशि स्पष्ट है और न ही कार्य का विवरण समझ में आता है. पोर्टल पर अपलोड बिलों में




अनियमितताओं की हद यह है कि सीमेंट की दुकानों से स्टेशनरी और किराना दुकानों से लोहा-रेत खरीदने के बिल लगाए जा रहे हैं. बिना उचित जांच के इन बिलों के आधार पर भुगतान भी कर दिया जा रहा है.




इससे साफ है कि फर्जी बिलों के जरिए बड़े पैमाने पर राशि निकाली जा रही है.सवाल यह है कि जब ऑनलाइन सिस्टम में ही धुंधले और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भुगतान हो रहा है, तो भ्रष्टाचार पर लगाम कैसे लगेगी ? पंचायत दर्पण पोर्टल की मंशा पारदर्शिता थी, लेकिन वर्तमान हालात में यह व्यवस्था मैन्युअल सिस्टम से भी कमजोर नजर आ रही है.

### जांच के बिना ही हो रहा है भुगतान

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन बिलों की कोई ठोस जांच नहीं की जा रही . अपूर्ण और अस्पष्ट दस्तावेजों के आधार पर भुगतान किया जाना पोर्टल की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है.

### जांच कर कार्रवाई की जाएगी

इस संबंध में जनपद पंचायत सिलवानी की सीईओ नीलम रैकवार ने बताया कि सचिवों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पोर्टल पर धुंधले बिल अपलोड न करें. इसके बावजूद यदि ऐसा किया जा रहा है, तो जांच कर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी.

### पड़रिया खुर्द पंचायत में लाखों का भुगतान

ग्राम पंचायत पड़रिया खुर्द में सरपंच और सचिव द्वारा धुंधले बिल लगाकर लाखों रुपए के भुगतान का मामला सामने आया है . 17 नवंबर 2025 को करीब 57 हजार रुपए का भुगतान किया गया, जो बिल नंबर 88, 10, 05, 88 और 11 के आधार पर था . इससे पहले 11 अक्टूबर 2025 को 1 लाख 25 हजार रुपए का भुगतान तीन विक्रेताओं को किया गया . इन सभी बिलों की स्थिति यह है कि वे पोर्टल पर स्पष्ट दिखाई नहीं देते, कई में जीएसटी नंबर तक दर्ज नहीं है . इसके बावजूद भुगतान होना गंभीर लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है .

# सिलेंडर नहीं मिलने पर चक्काजाम

**रायसेन, 16 अप्रैल. गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं ने गुरुवार सुबह चक्काजाम कर दिया. सांची रोड स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने रायसेन-विदिशा रोड पर सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया. चक्काजाम करीब 10 से 12 मिनट तक चला.**

सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा.उपभोक्ताओं को समझाकर जाम खुलवाया. थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल ने उपभोक्ताओं से बात की और उन्हें एजेंसी संचालक से चर्चा करने को कहा. गैस एजेंसी संचालक ने प्रशासन को बताया कि उन्हें ऊपर से ही सिलेंडरों का स्टॉक प्राप्त नहीं हुआ है. एजेंसी और गोदाम दोनों जगह गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण वे उपभोक्ताओं को आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं. उपभोक्ताओं ने



अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वे सुबह से ही सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के बाहर लाइन में लगे थे. कई उपभोक्ताओं के घरों में शादी और अन्य कार्यक्रम हैं, जिसके लिए उन्हें तत्काल सिलेंडरों की आवश्यकता है. सिलेंडर न मिलने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. थाना प्रभारी ने एजेंसी संचालक को स्थिति से अवगत कराया. मौके पर पहुंचे एसडीएम ने भी उपभोक्ताओं को जल्द समाधान का आश्वासन दिया.

## एक नजर में



### न्यू सर्वोदय स्कूल में टॉपर्स को किया सम्मानित

**उदयपुरा, 16 अप्रैल .** न्यू सर्वोदय हायर सेकंडरी स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम नगर में सर्वश्रेष्ठ रहा . भोजराज लोधी 10वीं में 95 .2% अंक प्राप्त कर उदयपुरा नगर में प्रथम रहे . 12वीं कॉमर्स संकाय में प्राची रघुवंशी 93 .6 %अंक अर्जित कर तहसील में प्रथम रहीं . इसके साथ ही हर्षित लोधी 94 .2 %, सुमित रघुवंशी 93 .4 %, केशव काकोड़िया 91%, शिवांश रघुवंशी 89 .6 % ,नीतू लोधी 88 %, रोहित लोधी 87 .4 %, खुशी लोधी 86 .6 %, लोकेंद्र ने 85 प्रतिशत %अंक प्राप्त किए . साथ ही 31 छात्र/छात्राएं लैपटॉप प्राप्त करने में सफल रहे . संस्था प्रबंधन द्वारा टॉपर्स एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया . प्राचार्य रामकुमार रघुवंशी ने सभी विद्यार्थियों एवं परिवारजनों को बधाई दी .

### मुस्कान ने 97 .6 प्रतिशत अंक किए हासिल



**सलामतपुर, 16 अप्रैल .** सलामतपुर कस्बे के सुनारी रोड पर रहने वाले डायल 112 थाना सांची के ड्रायवर विनोद मैथिल की पुत्री मुस्कान मैथिल ने कक्षा दसवीं में 500 में से 488 (97 .6 प्रतिशत) अंक हासिल करके कस्बे का नाम रोशन किया है . मुस्कान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा की छात्रा है . छात्रा को सुनारी सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राजपूत, रातातलाई सरपंच रघुवीर मीणा, खोहा सरपंच कालूराम मीणा, दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, पत्रकार अदनान खान ने बधाई दी है .

### गैरतगंज में दो दिन जल सप्लाई बंद रहेगी

**गैरतगंज, 16 अप्रैल .** नगर परिषद गैरतगंज क्षेत्र की वाटर सप्लाई 18 एवं 19 अप्रैल को बंद रहेगी .जल संसाधन संभाग द्वारा निर्माणाधीन वरेखेड़ी जोरावर लघु सिंचाई योजना की वाटर सप्लाई क्रासिंग में नहर निर्माण हेतु निकाय की सेमरी इंटेक वेल से आ रही मेन पाइप लाइन शिफ्टिंग की जाने के कारण शट-डाउन चाहा गया है . उक्त कार्य को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद गैरतगंज क्षेत्र की वाटर सप्लाई दो दिन बंद रहेगी .

### सेवानिवृत्त शिक्षक रामकुमार श्रीवास्तव का निधन



**उदयपुरा, 16 अप्रैल .** नगर के सेवानिवृत्त शिक्षक रामकुमार श्रीवास्तव का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को निधन हो गया . उनकी उम्र लगभग 90 वर्ष थी . निधन की खबर सुनते ही नगर में शोक की लहर छा गई . वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गए हैं . अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट पर किया गया . उनको उनके दोनों पुत्रों ने मुखाग्नि दी . उदयपुरा के अनेक लोगों ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

# स्लॉट बुकिंग नहीं होने से किसान हो रहे परेशान

**बेगमगंज, 16 अप्रैल. समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी को लेकर स्लाट बुकिंग होने में तकनीकी खराबी होने से मात्र ढाई एकड़ तक के किसानों की स्लॉट बुकिंग हो रही है. उसके ऊपर के किसानों की स्लॉट बुकिंग नहीं होने से बड़े किसानों में आक्रोश है. किसानों के विरोध को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी पटवारियों को खेतों में पहुंचाकर सर्वे कराया जा रहा है.**

चिलचिलाती धूप में संबंधित क्षेत्र के पटवारी खेत - खेत घूम कर स्थल रिपोर्ट दे रहे हैं कि उनके



खेत में गेहूं , मूंग की ही फसल बोई गई थी. किसानों का आरोप है कि खरीदी में जानबूझकर देरी की जा रही है ताकि सरकार द्वारा कम मात्रा में किसानों का गेहूं खरीदा जा सके.कभी डाटा की तकनीकी खराबी होने की समस्या बताई जा रही है तो कभी कुछ और गड़बड़ी बता रहे हैं.

संबंधित जिम्मेदारों द्वारा सुधार नहीं किए जाने से किसान परेशान हो रहे हैं. पीड़ित बड़े किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी स्लॉट बुकिंग नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे.उनकी मांग है कि गेहूं एवं मूंग के लिए सरकार तेजी से खरीदी करें ताकि उनके द्वारा सहकारी संस्थाओं से लिए कर्ज को जमा किया जा सके. कर्ज जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई है.

# बाड़ी में 3 स्कूलों का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**बाड़ी, 16 अप्रैल.** साईं ज्ञान मंदिर हाई स्कूल बाड़ी का कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा. प्रियंका चौहान ने 94.4% अंक लेकी नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया. अनन्या पाल ने 91% , नंदिनी ठाकुर ने 89%, उन्नति ने 83% अलंकृति दुबे ने 83%, अंजली ठाकुर ने 81%, शुमायला बानो ने 79% , सरगम ठाकुर ने 79 % , भारती लोधी ने 76%, नंदनी गौर ने 74%, भावना राजपूत ने 73 % , ऋषभ ठाकुर ने 73%, आकाश लोधी ने 71%, आदर्श ठाकुर ने 71% , लखन शाक्य ने 70% , किरण लोधी ने 66% , महिमापाल ने 64%, अनोखी ठाकुर ने 63% , सुमित चौहान ने 61% , क्रांति अहिरवार ने 60 %, पायल ठाकुर ने 59% , इसबरती ठाकुर ने 61%, डाली अहिरवार ने 59 %, गायत्री करी 57% अंक प्राप्त किए.

शासकीय हाई स्कूल मनकापुर का हाई स्कूल कर परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा. स्कूल का परिणाम 3 साल से शत-प्रतिशत आ रहा है. संस्था में दर्ज 24 छात्रों में से 23 छात्र प्रथम श्रेणी और एक छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ. संस्था की छात्रा अवनी ठाकुर ने 88% अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया. प्राचार्य रेवक सिंह ठाकुर ने कहा कि शत-प्रतिशत परिणाम का श्रेय समस्त स्टाफ को है.

शासकीय हाईस्कूल अमरावद कलां का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत प्रतिशत रहा. इस वर्ष कुल 38 दर्ज छात्रों ने सभी उत्तीर्ण हुए. 90 प्रतिशत से ऊपर 5 छात्र, 80 प्रतिशत से ऊपर 8 छात्र, 60 प्रतिशत से ऊपरअंकों से 17 छात्र उत्तीर्ण हुए. द्वितीय श्रेणी में 08 छात्र उत्तीर्ण हुए. छात्रा दीपाली नामदेव ने 96.4 %, उमा कुशवाहा ने 94.2 %.,कंचन कुशवाहा ने 94 %, शिखा कुशवाहा ने 90%, मुकेश कुशवाहा ने 90 % अंक प्राप्त किये. प्रभारी प्राचार्य भवानी प्रसाद गोहिया एवं समस्त शाला परिवार ने बच्चों को बधाई दी.

# महाविद्यालय में पक्षियों के लिए टांगे सकोरा

**सिलवानी, 16 अप्रैल.** भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को जल संकट से बचाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई सिलवानी ने विकासार्थ विद्यार्थी के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय सिलवानी में सकोरा अभियान एवं एसएफडी के माध्यम से विद्यार्थीओ को पेय जल के लिए जल मंदिर का निर्माण किया गया.

यह पहल 15 दिवसीय प्रांत व्यापी अभियान का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में जीव दया का संदेश दिया जा रहा है. महाविद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने मिलकर छायादार वृक्षों पर मिट्टी के सकोरे बांधे और उनमें



नियमित जल भरने का संकल्प लिया.सिलवानी भाग संयोजक जय यादव ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने सिलवानी नगर के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस भीषण तपिश में पक्षियों का सहारा बनें. विद्यार्थियों का कहना है कि सूखते जलस्रोतों के कारण पक्षियों का जीवन संकट में है, इसलिए नगरवासी अपने घरों की छतों, बालकनी और आंगन में कम से कम एक सकोरा अवश्य रखें. उन्होंने जोर दिया कि यदि हर परिवार एक सकोरा रखने की जिम्मेदारी उठाए, तो नगर में जीव- सेवा की अनुपम मिसाल पेश की जा सकती है. इस पहल की नगर में व्यापक सराहना हो रही है.जिसमे समस्त महाविद्यालय स्टाप छात्र एवं छात्राए और परिषद कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## जल गंगा अभियान में तालाब में किया श्रमदान

**सिलवानी, 16 अप्रैल.** ग्राम पंचायत डाबरी के ग्राम पिपलिया कला में गुरुवार को जल गंगा अभियान के तहत तालाब परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में एसडीएम हर्षल चौधरी, जनपद सीईओ नीलम रायकवार, भाजपा नेता राकेश खरे, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी आबिदा बी, नरेगा एसडीओ सुशील गोयल, सहायक ग्रेड 3 दुर्गेश तिवारी, उपयंत्री मयूरी, स्वास्थ्य विभाग से इंदर सिंह, सचिव रमेश शाह तथा पटवारी सुशील मिश्रा, सर्वेश खरे उपस्थित रहे.सभी ने तालाब की साफ-सफाई एवं गहरीकरण हेतु श्रमदान किया.

# कांटा पूजन कर उपार्जन शुरू

**सिलवानी, 16 अप्रैल.** कृषि उपज मंडी सिलवानी में गुरुवार को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति संस्था सिलवानी द्वारा चना एवं मसूर उपार्जन के शुभारंभ अवसर पर विधिवत कांटा पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में एसडीएम हर्षल चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, मंडी सचिव, समिति प्रबंधक अशोक तिवारी आदि उपस्थित रहे. अतिथियों द्वारा विधि-विधान के साथ कांटा पूजन कर उपार्जन कार्य का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर किसानों की सुविधा, पारदर्शी तौल व्यवस्था एवं सुचारू उपार्जन प्रक्रिया को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि उपार्जन केंद्र पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी.

# मकान गणना के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बेगमगंज, 16 अप्रैल.** देश में जनगणना का प्रथम चरण कार्य 1 मई से 31 मई 2026 तक किया जा रहा है. सेंट थॉमस कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है. स्व-गणना का कार्य 16 से 30 अप्रैल तक होगा. मकान गणना एवं सूचीकरण का कार्य के लिए प्रथम बैच में बेगमगंज चार्ज तहसील में 41 एवं सुल्तानगंज चार्ज में 40 कर्मचारियों को तीन दिवसीय




प्रशिक्षण दिया जा रहा है. जबकि द्वितीय चरण में बेगमगंज में 42 , सुल्तानगंज में 42 एवं तृतीय चरण में बेगमगंज 39 एवं सुल्तानगंज में 31 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा. 5 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ट्रेंड किया जा रहा है. बेगमगंज क्षेत्र के मास्टर ट्रेनर दीपक कटारे , धर्मेश साहू ,राजेश पांडे एवं सुल्तानगंज क्षेत्र के दीपक अहिरवार एवं मुकेश कुर्मी प्रशिक्षण दे रहे हैं. अनुविभागीय जनगणना अधिकारी सौरभ मिश्रा ने बताया कि सभी काम सजग ता से करना होगा. तहसीलदार, प्रमोद उइके ,नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे.

**आयोजन** बाड़ी में भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# कार्यकर्ताओं को बताईं भाजपा की नीतियां

**शिविर ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह और जोश**

**बाड़ी, 16 अप्रैल.पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का बाड़ी में शुभारंभ हुआ. दो दिवसीय इस प्रशिक्षण अभियान में बाड़ी सहित ग्रामीण क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया. अटवाल रिसोर्ट में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मंडल बाड़ी अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में प्रशिक्षण का शुभारंभ किया.**

अपने उद्बोधन में अध्यक्ष राकेश शर्मा ने भाजपा के इतिहास और विकास पर विस्तृत रूप से



प्रकाश डालते हुए पार्टी की नीतियों से अवगत कराया. इस सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता सुरेंद्र तिवारी ने की .

प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में प्रमुख वक्ता के पंकज जोशी ने भाजपा की कार्यपद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला. जोशी ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की कार्यपद्धति का अनुसरण करने का आह्वान किया. द्वितीय सत्र की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष दौलत सिंह कुशवाहा ने की. तृतीय सत्र में भाजपा नेता सुरेंद्र तिवारी ने संबोधन दिया. इसकी अध्यक्षता रणजीत कौर ने की . प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह था. बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने संगठन की जमीनी पकड़ को और मजबूत करने का संकेत दिया. शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया.

मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर ने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा मंडल बाड़ी संगठन विस्तार और जनसंपर्क के मामले में पूरी ताकत के साथ सक्रिय है. विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों, बूथ स्तर की रणनीति और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के गुर सिखाए गए. शिविर के समापन पर कार्यकर्ताओं में नया जोश, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण साफ दिखाई दिया.

# तपती धूप में स्कूल से घर लौट रहे हैं बच्चे

**अभिभावकों ने की स्कूल का समय बदलने की मांग**

बेगमगंज, 16 अप्रैल. गर्मी में विद्यालय के समय बदले जाने के बावजूद स्कूली बच्चों को कड़ी धूप का सामना करना पड़ रहा है.क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है. कड़ी धूप व उमस के कारण स्कूली बच्चों को अधिक परेशानी हो रही है. इस वजह से बच्चों की उपस्थिति पर भी असर पड़ रहा है. अभिभावकों ने स्कूल का समय दोपहर 12 बजे तक करने की मांग की है.

गुरुवार को विद्यालयों से छुट्टी के वक्त अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों की समय सारणी 8:00 बजे सुबह से दोपहर 1:30 बजे तक की गई है. सुबह बच्चे सहज रुप से विद्यालय पहुंच जाते



हैं,लेकिन लौटते समय बुरा हाल होता है.उल्लेखनीय है कि तापमान भले ही 40 डिग्री सेल्सियस रहे परंतु उमस की वजह से गर्मी का अहसास 42 डिग्री सेल्सियस का महसूस हो रहा है. विद्यालय में पंखे तो हैं पर बिजली की आंख मिचौली बच्चों के लिए और भी कष्टदायी सिद्ध हो रही है. अभिभावक आलोक श्रीवास्तव, नीरज गौर ने कहा कि गर्मी में बच्चे स्कूल से आते समय परेशान होते है. इमारत राज ने बताया कि अधिकांश बच्चों को विद्यालय आने-जाने के लिए निजी परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं होती. ऐसे में दोपहर में तेज धूप में पैदल या साधारण वाहनों से घर लौटना उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो रहा है. दोपहर 12 बजे तक का समय करने से बच्चों की गर्मी से सुरक्षा हो सकेगी.

### इनका कहना है

अभी तक ऊपर से वरिष्ठ कार्यालय से स्कूलों का समय परिवर्तन के कोई आदेश नहीं आए है,गर्मी को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर लेते है .

-राजेंद्र श्रीवास्तव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बेगमगंज